भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1122

उत्तर दिनांक - 01/08/2024 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा विभाग में रिक्तियां

1121. श्री आर. गिरिराजन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार ने परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अंतर्गत आने वाले रिक्त पदों को भरने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) डीएई के तत्वावधान में डीएई के सभी संगठनों, सहायता प्राप्त संस्थानों, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संबंध में 1 जुलाई, 2024 तक पदधारियों की स्थिति क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों में रिक्तियों को भरने के लिए कोई विशेष भर्ती अभियान शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) हां। विभाग ने 9263 रिक्त पदों को भरने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं।

(ख) परमाणु ऊर्जा विभाग के संबंध में दिनांक 1 जुलाई, 2024 तक पदधारियों की स्थिति निम्नानुसार है :

डीएई और इसकी संघटक इकाइयाँ	29037
सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू)	17240
सहायता प्राप्त संस्थान (एआई)	8983
कुल	**55260**

(ग) हां, 07 (सात) अनुसूचित जाति, 24 (चौबीस) अनुसूचित जनजाति और 11 (ग्यारह) अन्य पिछड़ा वर्ग रिक्तियों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया गया था।

*****